दिनांक : 25.08.2025 समय : 01:00 पी.एम.

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आज जोधपुर में आदर्श डिफेंस और स्पोर्ट्स एकेडमी का लोकार्पण किया। लाल सागर स्थित एक विद्यालय में आयोजित हो रहे समारोह में केन्द्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत सहित कई जनप्रतिनिधि, गणमान्य लोग और आमजन भाग ले रहे हैं। इस एकेडमी की कुल लागत 110 करोड़ रुपये है। पहले चरण में 30 करोड़ रुपये की लागत से 400 से ज्यादा विद्यार्थियों के लिए हॉस्टल का निर्माण किया गया है। यहां 200 विद्यार्थी रक्षा क्षेत्र और 200 विद्यार्थी खेल क्षेत्र में राष्ट्र और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर तैयार किये जाएंगे।

000

प्रदेश में इन दिनों विभिन्न स्थानों पर भारी बरसात से जनजीवन प्रभावित है। लगातार हो रही बारिश से कई शहरों, कस्बों और गांवों के निचले इलाकों में पानी भर गया है। कई स्थानों पर सड़कें और पुलिया डूबने के समाचार हैं। वहीं कई जगह मार्ग अवरुद्ध होने और मकानों के ढहने से लोगों की परेशानियां बढ़ गई हैं। राज्य के अधिकांश भागों में हल्की से मध्यम और कुछ स्थानों पर भारी से बहुत भारी वर्षा दर्ज की गई है। मौसम विभाग के अनुसार पिछले 24 घंटों में सबसे ज्यादा 17 सेंटीमीटर बारिश नागौर में रिकॉर्ड हुई। सुजानगढ़ और खेरवाड़ा में 16–16, माउंट आबू और जालौर में 12–12 जायल, सीकर, अघोर में 11–11 सेंटीमीटर बरसात हुई। देवगढ़, खींवसर, संगरिया और लूणकरणसर सहित अन्य स्थानों से भी अच्छी बारिश के समाचार हैं।

सवाईमाधोपुर में भी हल्की से मध्यम बरसात का दौर बना हुआ है। डूंगरपुर का बेणश्वर धाम टापू बन गया है। झुंझुनूं के गुढ़ा गौड़ जी, सुल्ताना, चिड़ावा, बिसाऊ और मलसीसर कस्बों में जल भराव होने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मौसम विभाग ने राज्य में तेज बारिश का दौर 27 अगस्त तक जारी रहने की संभावना जताई है। आज सिरोही, राजसमंद और उदयपुर में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। वहीं 13 जिलों में येलो अलर्ट है। भारी बारिश के चलते सुरक्षा के मद्देनजर प्रशासन ने जयपुर, दौसा, डीडवाना–कुचामन और बूंदी में कल भी स्कूलों में विद्यार्थियों का अवकाश घोषित किया है।

000

जैसलमेर के रामदेवरा में बाबा रामदेव के वार्षिक लक्खी मेले की आज तड़के विशेष आरती के साथ विधिवत शुरूआत हुई। एकादशी तक चलने वाले इस मेले में राजस्थान के अलावा अन्य राज्यों से भी बड़ी संख्या में जातरु पहुंच रहे हैं। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अपने सोशल मीडिया संदेश में लोकदेवता बाबा रामदेव के प्राकट्य दिवस की शुभकामनाएं दी हैं। इस मौके पर उन्होंने प्रदेश में सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की। उधर, डीग में आज से भोजनथाली परिक्रमा मेले का आगाज हुआ। 31 अगस्त तक भरने वाले इस मेले में देश के हर कोने से श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। हिन्दू–मुस्लिम एकता का प्रतीक यह मेला उत्तर भारत का एक प्रसिद्ध मेला है, जिसमें सभी समाजों की ओर से झांकियां निकाली जाती हैं।

000

राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान, जयपुर की ओर से आज से "आयुर्वेद आहार" विषय पर राष्ट्रीय स्तर पर सतत चिकित्सा शिक्षा कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। 30 अगस्त तक चलने वाले इस कार्यक्रम का विषय पारम्परिक आहार पद्धतियों पर वैज्ञानिक दृष्टिकोण"" रखा गया है। इसका उद्देश्य पोषण संबंधी लाभों का अध्ययन करना तथा उन्हें समकालीन चिकित्सा पद्धतियों में शामिल करने के संभावित उपायों पर विचार–विमर्श करना है। कार्यक्रम के दौरान विशेष प्रदर्शनी भी लगाई गई है। यह प्रदर्शनी शोधकर्ताओं, शिक्षकों और उद्योग जगत के प्रतिनिधियों के लिए उपयोगी होगी।

000

जयपुर जिला दुग्ध उत्पादन सहकारी संघ ने सरस दूध की सभी वैराइटी पर दो रुपए प्रति लीटर की बढोतरी की है। ये कीमतें आज शाम से लागू होंगी। इससे पहले जयपुर डेयरी ने पिछले साल अगस्त

में दूध के दामों में 2 रुपए प्रति लीटर का इजाफा किया था। इन बढ़ी हुई कीमतों का असर जयपुर और दौसा जिले के उपभोक्ताओं पर पड़ेगा। जयपुर डेयरी से दूध की सप्लाई इन दो ही जिलों में की जाती है।